बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र सं०-जन संपर्क- 27/2016- /वि०स० ।

प्रेषक,

श्री सुनील कुमार
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक, **दैनिक जागरण**, हिन्दी दैनिक, पटना ।
विज्ञापन व्यवस्थापक, **दि टाईम्स ऑफ इंडिया**, अंग्रेजी दैनिक, पटना ।

पटना, दिनांक- मार्च, 2016 ई० ।

विषय:- बिहार विधान सभा सचिवालय से संबंधित निविदा आमंत्रण का विज्ञापन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विज्ञापन सामग्री संलग्न करते हुए निदेशानुसार सूचित करना है कि इसे आप अपने समाचार पत्र के पटना संस्करण मात्र में दिनांक-22.03.2016 के अंक में निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रकाशित करने की कृपा करें :-

(1) इस विज्ञापन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित डी०ए०वी०पी० दर से भुगतान होगा,
(2) विज्ञापन **06** से०मी० **X 08** से०मी० आकार में होना चाहिए,
(3) विज्ञापन प्रकाशन के सात दिनों के अंदर विज्ञापन अंक के साथ विपत्र की तीन प्रतियाँ प्रथम प्रति पर रसीदी टिकट साटकर सभा सचिवालय को निश्चित रूप से भेज दें,
(4) विज्ञापन प्रकाशन के तत्काल बाद विज्ञापन अंक की प्रति सभा सचिवालय को भेज दें,
(5) अपने समाचार पत्र के लिए निर्धारित डी०ए०वी०पी० दर से संबंधित पत्र की प्रति विपत्र में अवश्य संलग्न की जाय ।
(6) अन्य भाषा में विज्ञापन प्रकाशन के लिए अधिक मूल्य देय नहीं होगा ।

विश्वासभाजन,
ह०/०-
(सुनील कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या:- जनसंपर्क- 27/2016 1321 /वि०स०, पटना, दिनांक- 21 मार्च, 2016 ई० ।

प्रति:- अवर सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई, बिहार विधान सभा, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन को विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को बिहार विधान सभा की वेबसाईट पर अपलोड कराने संबंधी कार्रवाई करने की कृपा की जाय ।

21.03.16
(सुनील कुमार)
अवर सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।

17

बिहार विधान सभा सचिवालय

निविदा आमंत्रण

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली को हिन्दी भाषा में पुस्तक के रूप में मुद्रित कर आपूर्ति करने हेतु विभिन्न इच्छुक फर्मो से कागज, वाईन्डिंग एवं निर्माण से संबंधित विभिन्न नमूनों एवं दर सहित विज्ञापन प्रकाशन के सात दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण एवं शर्तें:-

(1) बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली (हिन्दी) का मुद्रण कुल 146 पृष्ठ (पृष्ठ संख्या आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है),

(2) पुस्तक का मुद्रण 500 (पाँच सौ) प्रतियों में कराया जाना है,

(3) पुस्तक की अच्छी छपाई आर्ट पेपर पर तथा कभर प्लास्टिक कोटेड के साथ नमूना के अनुरूप करना है,

(4) निविदादाताओं को निविदा के साथ कागज का नमूना, कार्यानुभव, फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर एवं बिक्री कर चुकता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है,

(5) निविदादाता को प्रेस होना चाहिए तथा तद्संबंधी प्रमाण निविदा के साथ संलग्न होना चाहिए,

(6) मुद्रण के संबंध में नमूना का अवलोकन एवं अन्य जानकारी किसी भी [illegible]र्य दिवस में उप सचिव, नियम समिति, बिहार विधान सभा से प्राप्त की जा सकती है,

(7) किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए रद्द/ अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार बिहार विधान सभा सचिवालय को सुरक्षित होगा ।

प्रमोद कुमार सिंह
उप सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।